दिन– रविवार दिनांक– 07 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. संसद का बजट सत्र इस महीने की बाईस तारीख से शुरू होगा। तेईस जुलाई को पेश किया जायेगा केंद्रीय बजट।
02. स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा – राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा– नीट यूजी के पास अभ्यर्थियों के लिए काउंसलिंग इस महीने के अंत में शुरू होने की सम्भावना।
03. नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों और प्रदेश में हो रही बारिश के चलते कोसी, गंडक, महानंदा और परमान नदी उफान पर। बाढ़ का खतरा बढ़ा।
04. और, मौसम विभाग ने आज अररिया, कटिहार, मधुबनी, सुपौल और किशनगंज में भारी बारिश को लेकर जारी किया अलर्ट।

———————————————————————

संसद का बजट सत्र इस महीने की बाईस तारीख से शुरू होगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि बजट सत्र बारह अगस्त तक चलेगा। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय बजट दो हजार चौबीस–पच्चीस लोकसभा में तेईस जुलाई को पेश किया जाएगा। श्री रिजिजू ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने केन्द्र सरकार की सिफारिश पर बजट सत्र के लिए दोनों सदनों का सत्र बुलाने के प्रस्ताव का अनुमोदन कर दिया है।

———बाईट———

यह बजट नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट होगा। पिछले महीने संसद की दोनों सदनों की संयुक्त बैठक के दौरान राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू ने कहा था कि यह बजट सरकार की दूरगामी नीतियों और भविष्यवादी दृष्टिकोण का एक प्रभावी दस्तावेज होगा। उन्होंने कहा था कि इस बजट में बड़े आर्थिक और सामाजिक फैसलों के साथ–साथ कई ऐतिहासिक कदम भी देखने को मिलेंगे। लोकसभा चुनाव के कारण इस साल फरवरी में अंतरिम बजट पेश किया गया था। लोकसभा चुनाव के बाद 24 जून से 3 जुलाई तक संसद का एक विशेष सत्र आयोजित किया गया था। जहां नवनिर्वाचित सदस्यों ने शपथ ली थी और राष्ट्रपति मुर्मू ने संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक के दौरान सदस्यों को संबोधित किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों सदनों में राष्ट्रपति के अभी भाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब दिया था। अनुपम मिश्र आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

———————————————————————

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि इस वर्ष के स्नातक और स्नातकोत्तर चिकित्सा पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए राष्ट्रीय पात्रता–सह–प्रवेश परीक्षा– नीट यूजी और पीजी के लिए काउंसलिंग की तारीख़ें अभी तय नहीं हुई हैं। चिकित्सा परामर्श समिति परीक्षा प्रक्रिया पूरी होने और सीट मैट्रिक्स को अंतिम रूप दिए जाने के बाद इन तारीख़ों की घोषणा वेबसाइट पर करती है। स्नातक सीट मैट्रिक्स इस महीने के तीसरे

सप्ताह तक तय होने की संभावना है। इसके बाद नीट–यूजी में सफल अभ्यर्थियों की काउंसलिंग की तारीख़ तय की जाएगी।

———————————————————————

भारतीय खाद्य संरक्षा और मानक प्राधिकरण –एफ एस एस ए आई ने डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों के लेबल पर कुल चीनी, नमक और संतृप्त वसा की पोषण संबंधी जानकारी मोटे अक्षरों में और अपेक्षाकृत बढ़े हुए फॉन्ट आकार में प्रदर्शित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। खाद्य प्राधिकरण की चौवालीसवीं बैठक में पोषण संबंधी जानकारी लेबलिंग के संबंध में खाद्य सुरक्षा और मानक (लेबलिंग और प्रदर्शन) विनियम, दो हजार बीस में संशोधन को मंजूरी देने का निर्णय लिया गया। इस संशोधन का उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनके द्वारा उपभोग किए जा रहे उत्पाद के पोषण मूल्य को बेहतर ढंग से समझने और स्वस्थ निर्णय लेने हेतु सशक्त बनाना है।

———————————————————————

रूपौली विधानसभा उपचुनाव को लेकर प्रचार अंतिम दौर में है। आज उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एनडीए उम्मीदवार जदयू के कलाधर मंडल के समर्थन में विधानसभा क्षेत्र में कई स्थानों पर सभा को संबोधित करेंगे। वहीं, महागठबंधन की ओर से भी कई वरिष्ठ नेता राजद उम्मीदवार बीमा भारती के समर्थन में सभा और रोड शो करेंगे। रूपौली विधानसभा उप चुनाव के लिए दस जुलाई को मतदान होना है। मतगणना तेरह जुलाई को।

———————————————————————

बांका में कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय तथा सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में कल प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जायेगा। इस मेले में बारहवीं पास, स्कील ट्रेनिंग सर्टिफिकेट होल्डर्स, आईटीआई डिप्लोमाधारक और स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थी भाग लेगें। इस समारोह में देशभर से प्रतिष्ठित कम्पनियों को आमंत्रित किया गया है। इधर, अरवल जिले में नौ जुलाई को एक निजी वाहन निर्माता कम्पनी की ओर से रोजगार मेला का आयोजन किया जायेगा। जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में आईटीआई पास अठारह से चौबीस वर्ष तक के अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं।

———————————————————————

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों और प्रदेश में हो रही बारिश के चलते कोसी, गंडक, महानंदा और परमान नदी उफान पर है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार महानंदा नदी का जलस्तर किशनगंज के तैयबपुर में चेतावनी के स्तर को पार कर गया है। नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी की प्रवृति बनी हुई है। वहीं, परमान नदी का

जलस्तर अररिया में खतरे के निशान से चौदह सेंटीमीटर ऊपर रिकॉर्ड किया गया। गंडक नदी गोपालगंज के डुमरिया घाट और कोसी नदी सुपौल के बसुआ तथा खगड़िया के बलतारा में चेतावनी के स्तर से ऊपर चली गयी है।

———————————————————————

इधर, हमारे संवाददाता ने बताया है कि पश्चिम चंपारण स्थित वाल्मीकिनगर गंडक बराज से कल देर रात तीन लाख बीस हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया, जिससे कई इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। गंडक नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। बाढ़ की आशंका को देखते हुये स्थानीय प्रशासन ने संबंधित विभागों के कर्मियों को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया है। साथ ही सभी अधिकारियों और कर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी है। अभियंताओं को विभिन्न तटबंधों की लगातार निगरानी का निर्देश दिया गया है। बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल राहत पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है। प्रशासन ने बगहा अनुमंडल को चार जोन में बांटकर जल संसाधन विभाग के अभियंताओं की प्रतिनियुक्ति की है। इसके अलावा निचले इलाकों में रहने वाले लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की गयी है, ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में जान–माल की क्षति को रोका जा सके। वाल्मीकिनगर टाईगर रिजर्व में भी गंडक नदी का पानी तेजी से फैल रहा है। बगहा की बेरागी, सोनबरसा पंचायत में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है।

सुपौल से हमारे संवाददाता ने बताया है कि भीमनगर स्थित कोसी बराज से तीन लाख तीन हजार आठ सौ साठ क्यूसेक पानी छोड़ा गया। बराज के उनचालीस फाटक खोल दिये गये हैं। इससे जिले के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैल गया है।

———————————————————————

राजधानी पटना सहित पूरे प्रदेश में मॉनसून के प्रभाव से रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आज अररिया, कटिहार, मधुबनी, सुपौल और किशनगंज जिले के विभिन्न स्थानों पर भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। वहीं, राज्य के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–मध्य और दक्षिण–पश्चिम हिस्सों में कई स्थानों पर मेज गर्जन और वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश होगी। वहीं, राज्य के उत्तरी हिस्सों में कई स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की गयी है।

———बाईट———

इधर, मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान पूर्वी चंपारण जिले के कल्याणपुर में सबसे अधिक एक सौ चौरानवे दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी है। वहीं, पश्चिम चंपारण जिले के सिकटा में एक सौ छियासठ दशमलव चार और मोतिहारी में एक सौ अट्ठावन मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। कई अन्य स्थानों पर एक सौ पैंतीस मिलीमीटर से लेकर सौ मिलीमीटर तक बारिश हुई है।

———————————————————————

मौसम विभाग ने अगले एक से दो घंटे के दौरान पश्चिम चम्पारण, सारण, वैशाली, पटना, कैमूर, जहानाबाद, गया, नालंदा, नवादा, अररिया, पूर्णियां और किशनगंज जिले में कुछ स्थानों पर मेघ गर्जन के साथ वज्रपात की चेतावनी जारी की है।

———————————————————————

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों के दौरान वज्रपात की अलग–अलग घटनाओं में छह लोगों की मौत हो गयी। जमुई में तीन, छपरा में दो और आरा में एक व्यक्ति की मौत की खबर है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मृतकों के प्रति शोक व्यक्त करते हुये कहा कि वे प्रभावित परिवारों के साथ है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के आश्रितों को चार–चार लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दिया है। इधर, आपदा प्रबंधन विभाग ने लोगों से खराब मौसम में विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। साथ ही बारिश के दौरार घरों में ही रहने को कहा है।

———————————————————————

विश्व प्रसिद्ध पुरी जगन्नाथ यात्रा आज पारंपरिक श्रद्धा और आस्था के वातावरण में निकाली जायेगी। पूरे विधि विधान के साथ भगवान जगन्नाथ, बलभ्रद और देवी सुभद्रा की प्रतिमाओं को प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर से निकाला जायेगा। रथों को खिंचने के लिए श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ओडिशा के पुरी में आयोजित होने वाली वार्षिक रथयात्रा में शामिल होंगी। इधर, प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर भी जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली जा रही है। पटना के बुद्धमार्ग स्थित इस्कॉन मंदिर से रथ यात्रा निकाली जायेगी।

———————————————————————

बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष अनिल सुलभ ने काठमांडु में नेपाल के उपराष्ट्रपति राम सहाय यादव से मुलाकात की। श्री सुलभ ने उपराष्ट्रपति को आगामी अक्टूबर माह में होने वाले बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के शताब्दी समारोह के लिए आमंत्रित किया है।

———————————————————————

जनकपुर से अयोध्या के लिए ट्रेन सेवा जल्द ही शुरू होगी। इसको लेकर तैयारियां की जा रही हैं। पूर्व मध्य रेल हाजीपुर जोन के महाप्रबंधक नौ जुलाई को इस रेलखंड पर ट्रेन परिचालन का निरीक्षण करेंगे। इधर, इससे पहले समस्तीपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल इंजीनियर संजय कुमार ने जयनगर–दरभंगा रेलखंड के अलग–अलग स्टेशनों पर सुरक्षा और संरक्षा का जायजा लिया।

———————————————————————

नगर विकास और आवास मंत्री नितीन नवीन ने कहा है कि अख़बारों के माध्यम से जनता का फीडबैक मिलता है और सरकार की कमियों के बारे में जानकारी मिलती है। पटना में दैनिक नव बिहार टाईम्स के पैंतीसवें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए श्री नवीन ने कहा कि सरकारों को आलोचना से घबड़ाना नहीं चाहिए। इस मौके पर सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार, सूचना और जनसम्पर्क मंत्री महेश्वरी हजारी, पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, पत्रिका के सम्पादक कमल किशोर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

———————————————————————

मधुबनी जिले के लदनिया थाना क्षेत्र अन्तर्गत करौन्हा गांव में पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में शराब बरामद की है।

———————————————————————

बेगूसराय जिले के साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र अन्तर्गत लक्ष्मीपुर में पुलिस ने इकतीस किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

भारत और जिम्बाब्वे के बीच दूसरा टी–ट्वेंटी क्रिकेट मैच आज शाम साढ़े चार बजे से हरारे में खेला जाएगा। आकाशवाणी से मैच का आखों देखा हाल चार बजे से एफएम रेनबो और अतिरिक्त मीटरों पर प्रसारित किया जाएगा। पांच मैचों की श्रृंखला में मेजबान टीम को एक–शून्य की बढ़त प्राप्त है। कल पहले मैच में जिम्बाब्वे ने भारत को तेरह रन से हरा दिया।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– रूपौली की चुनावी सभा में मुख्यमंत्री ने कहा, पूरा बिहार मेरा परिवार।

दैनिक भास्कर ने तीन नये कानून की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये लिखा है– कई शहरों में पूराने कानून में केस दर्ज। कोर्ट में रद्द होने का खतरा।

प्रभात खबर लिखता है– बिहार की फर्जी डिग्री से गुजरात में प्रैक्टिस कर रहे इकहत्तर नकली डॉक्टर पकड़ाये।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– पांच जिलों में वार्षिक ऋण योजना रही लक्ष्य से काफी कम।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. संसद का बजट सत्र इस महीने की बाईस तारीख से शुरू होगा। तेईस जुलाई को पेश किया जायेगा केंद्रीय बजट।
02. स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा – राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा– नीट यूजी के पास अभ्यर्थियों के लिए काउंसलिंग इस महीने के अंत में शुरू होने की सम्भावना।
03. नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों और प्रदेश में हो रही बारिश के चलते कोसी, गंडक, महानंदा और परमान नदी उफान पर। बाढ़ का खतरा बढ़ा।
04. और, मौसम विभाग ने आज अररिया, कटिहार, मधुबनी, सुपौल और किशनगंज में भारी बारिश को लेकर जारी किया अलर्ट।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।